>

Title: Need to open a Sainik School in Jalaun district, Uttar Pradesh.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) : सभापति महोदय, उत्तर प्रदेश के जनपद जालौन के अधिकांश व्यक्ति मिलिट्री फोर्सिस में नौकरी करते हैं, चाहे सीआरपीएफ हो, बीएसएफ हो, सीआईएसएफ हो। देश की सारी सीमाओं पर मिलिट्री फोर्सिस में नौकरी कर रहे हैं, लेकिन उनका परिवार, बच्चे यहीं रहता है। उनके बच्चों को अच्छी शिक्षा नहीं मिल पा रही है। मैं केंद्र सरकार से मांग करना चाहता हूं कि जो फोर्सिस के लोग हैं, उनके बच्चों को अच्छी शिक्षा प्राप्त हो सके, इसके लिए जनपद जालौन के माधवगढ़ तहसील में एक सैनिक विद्यालय खुलवाने की कृपा करें, जिससे उनके बच्चों को अच्छी शिक्षा प्राप्त हो सके।